शिक्षा संकाय

शिक्षा संकाय की स्थापना सन् १९१८ ई० में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कमच्छा प्रांगण में हुई थी तद्न्तर इसे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संकाय के रूप में विकसित किया गया। अपनी स्थापना काल से ही संकाय ऐसे शिक्षकों को तैयार करने का सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है जिनमें भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं और आधुनिक प्रविधियों के ज्ञान का सुन्दर मेल हो ताकि वे समयानुकुल परिवर्तनशील समाज की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

संकाय में बी.एड., बी.एड.(विशिष्ट). एम.एड., एम.एड.(विशिष्ट) एवं एम.एड.(अंश-कालिक) पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। वर्तमान में संकाय में कुल १८२ शोध-छात्र एवं ४९२ छात्रों (१५९ दक्षिणी परिसर) को बी.एड., ८३ छात्रों को बी.एड.(विशिष्ट), ४८ छात्रों को एम.एड., २५ छात्रों को एम.एड.(अंश-कालिक) एवं २७ एम.एड.(विशिष्ट) पाठयक्रम में प्रवेश दिया गया है।

संकाय में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का एक अध्ययन केन्द्र है। सत्र २०११-२०१२ के दौरान संकाय में दो राष्ट्रीय व्याख्यान आयोजित किये गये। अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्वो के अतिरिक्त शिक्षक दिवस, विकलांग दिवस आदि का आयोजन संकाय में पूरी गरिमा के साथ किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे लोक-नृत्य, वाद-विवाद, लघु नाट्य आदि में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बी.एड. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत् छात्रों के लिए समाजोपयोगी उत्पादन कार्य एवं सप्ताह पर्यन्त स्काउट एवं गाइड कार्यक्रम आयोजित किए गये। संकाय के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं में भाग लिया तथा उनके द्वारा शोध पत्र एवं लेखों का प्रकाशन किया गया।

छात्रों हेतु उपलब्ध सुविधाएं - लगभग ३०० छात्रों हेतु छात्रावास की सुविधा; बुक बैंक से पुस्तकों की सुविधा के साथ पुस्तकालय में अबाध प्रवेश की सुविधा; व्यायाम व खेल हेतु पर्याप्त सुविधाएँ; लगभग ९० प्रतिशत छात्रों को योग्यता-कम-सुविधा के आधार पर शिक्षण शुल्क में छूट; संगणक व इन्टरनेट सुविधा; विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य सुविधाएँ।

छात्रों और शोधार्थियों हेतु शिक्षा संकाय में समृद्ध पुस्तकालय है जिसमें लगभग १८००० (शिक्षा, विशिष्ट शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों) से जुड़ीं पुस्तकें हैं। संकाय में नवीन उपकरणों से सज्जित मनोविज्ञान प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला एवं संगणक प्रयोगशाला उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त संकाय में विशिष्ट शिक्षा प्रयोगशाला, पर्यावरण प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, शैक्षिक तकनीक प्रयोगशाला एवं व्यायाम व खेलकूद कक्ष, नवनिर्मित सुसज्जित संगोष्ठी कक्ष भी उपलब्ध है।